समाचार

कलेक्टर की पहल, सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे वाटर कूलर

कलेक्टर ने रोटरी क्लब कोरबा को प्रदान किए वाटर कूलर्स

(आमजन के उपयोग हेतु लगाए जाएंगे विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर, राहगीरों व आमलोगों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पेयजल)

कोरबा 26 अप्रैल 2022 – कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आज रोटरी क्लब कोरबा को 04 नग वाटर कूलर प्रदान किया, रोटरी क्लब कोरबा द्वारा इन वाटर कूलर्स को विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित कर उनका संचालन, संधारण किया जाएगा, इससे राहगीरों, आमलोगों को शुद्ध व ठंडा पेयजल सुगमता से मिलेगा।

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में 04 नग वाटर कूलर्स रोटरी क्लब कोरबा के पदाधिकारियों को प्रदान किया, साथ ही आवश्यकतानुसार और वाटर कूलर भी उपलब्ध कराए जाएंगे, इन वाटर कूलर्स को रोटरी क्लब कोरबा द्वारा सार्वजनिक स्थानों व ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों पर स्थापित किया जाएगा, रोटरी क्लब इन वाटर कूलर्स के संचालन व संधारण का कार्य करेगा, इससे राहगीरों, आमनागरिकों व जरूरतमंदों को शुद्ध व ठंडा पेयजल सुगमता के साथ मिल सकेगा। इस अवसर पर आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोडे, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, पदाधिकारी व सदस्यगण सतनाम सिंह, प्रशांत मुरारका, रीता खेत्रपाल, साहिल खेत्रपाल, नितिन चतुर्वेदी, निगम के सहायक अभियंता राकेश मसीह एवं राहुल मिश्रा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।